भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान

सत्यमेव जयते

[वि.अ.आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अधीन मानित विश्वविद्यालय घोषित]

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग, तिरुवनंतपुरम - 695 547

स्नातकोत्तर उपाधिधारियों के लिए आईआईएसटी पीएचडी कार्यक्रम - जनवरी 2021 (केवल अंतरिक्ष विभाग / इसरो कर्मचारियों के लिए)

भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान का लक्ष्य है - राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास अपेक्षाओं की पूर्ति करने के लिए सामान्य रूप से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में तथा विशेष रूप से भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में बुनियादी एवं अनुप्रयुक्त अनुसंधान कार्य करना । यह संस्थान जीवंत अनुसंधान वातावरण में डॉक्टरल व पोस्ट डॉक्टरल कार्यक्रम प्रदान करता है।

जनवरी 2021 में शुरू होने वाले पीएचडी कार्यक्रम में भर्ती के लिए निम्नलिखित क्षेत्रों में अत्यंत अभिप्रेरित आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

i. वांतरिक्ष इंजीनियरी
ii. एविओनिकी
iii. रसायन
iv. पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान
v. मानविकी
vi. गणित
vii. भौतिकी

इच्छुक उम्मीदवार आईआईएसटी में किए जाने वाले शोध क्षेत्रों के बारे में विवरण प्राप्त करने के लिए विभाग और संकाय सदस्यों के प्रोफाइल देखें।

आयु सीमाः आवेदक की आयु दिसंबर 29, 2020 को 48 वर्ष से कम होनी चाहिए।

शैक्षिक योग्यता एवं पात्रताः न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या 10 में से 6.5 सीजीपीए के साथ एम.टेक./एम.एससी/विज्ञान में स्नातकोत्तर/ मानविकी में स्नातकोत्तर या समकक्ष उपाधि

राष्ट्रीयताः आवेदक को भारतीय नागरिक होना चाहिए।

अध्येतावृत्तिः अंशकालिक पीएचडी शोध छात्र, इसरो/अंतरिक्ष विभाग के कर्मचारी होने के नाते उनके लिए लागू परिलब्धियों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के शोध अध्येतावृत्ति के लिए पात्र नहीं हैं।

शुल्क संरचना

प्रत्येक सत्रक के प्रारंभ में शुल्क का भुगतान करना होगा ।

क्रम सं	**विवरण**	**पूर्ण कालिक**
1	ट्यूशन शुल्क /सांविधिक सत्रक शुल्क	1,500/-*
2	छात्र सुख सुविधा शुल्क	1,350/-
3	होस्टल प्रभार	4,500/-**
4	स्थापना प्रभार	4,000/-
5	चिकित्सा प्रभार	800/-
	कुल	**12,150/-**
6	पंजीकरण शुल्क (एक - मुश्त)	1,000/-
7	शोध प्रबंध प्रस्तुत करने का शुल्क (एक - मुश्त)	1,000/-
8	पुन: पंजीकरण शुल्क (यदि हो तो)	1,500/-

टिप्पणी:

अंशकालिक पीएचडी शोध छात्रों के पहले एक सत्रक का या रेसिडेन्सी अवधि का शुल्क वही होगा जो पूर्ण कालिक शोध छात्रों के लिए है (अर्थात प्रत्येक सत्रक के लिए ₹12,150/-) और बाकी सत्रकों के लिए शुल्क प्रति सत्रक ₹3500/- होगा (ट्यूशन शुल्क ₹1,500/- एवं स्थापना प्रभार ₹2000/-)

** भोजन के लिए: पीएचडी कार्यक्रमों के छात्र कैन्टीन सेवाओं के लिए अलग से फूड कूपन खरीद सकते हैं।

चयन प्रक्रियाः

- आईआईएसटी अंशकालिक पीएचडी कार्यक्रम, आईआईएसटी के संकाय सहित इसरो/ अंतरिक्ष विभाग के किसी भी केंद्र/यूनिटो में कार्यरत वैज्ञानिक/इंजीनियर, संकाय सदस्य के लिए खुला है।
- इच्छुक आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन भरकर अपने संबंधित यूनिट/केंद्र के द्वारा आईआईएसटी को यथाविधि अग्रेषित करना चाहिए। इसमें उन्हें अपने पूर्व शैक्षिक

अभिलेख, शोध अनुभव, प्रकाशन (यदि हो तो) के साथ प्रस्तावित शोध कार्य का संक्षिप्त विवरण भी देना होगा।

- प्रारंभिक छानबीन के बाद प्रस्तावित शोध शीर्षक की प्रासंगिकता तथा इस कार्यक्रम को आगे बढाने के लिए आवेदक की क्षमता का मूल्यांकन करने हेतु आईआईएसटी शोध समिति द्वारा आवेदन की समीक्षा की जाएगी।
- अंतरिक्ष विभाग/इसरो के सभी प्रायोजित उम्मीदवारों को पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार में अर्हता प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन छानबीन परीक्षा देनी होगी। ऑनलाइन छानबीन परीक्षा के भाग 'क' (40 अंक) में गेट अभिरुचि एवं गणित के आधार पर प्रश्न शामिल होंगे। जो उम्मीदवार ऑनलाइन छानबीन परीक्षा में न्यूनतम 30% अंक प्राप्त करते हैं उनकी लघुसूची बनाई जाएगी। अंतरिक्ष विभाग/इसरो के सभी प्रायोजित पीएचडी उम्मीदवार इसके अतिरिक्त प्रस्तुति भी देंगे और शेष 60 अंकों के लिए साक्षात्कार का सामना करेंगे। एक उम्मीदवार को प्रवेश के लिए पात्र होने हेतु 60% अंक कुल मिलाकर प्राप्त करना होगा।
- ऑनलाइन छानबीन परीक्षा 10.01.2021 को होगी।
- आईआईएसटी के अंशकालिक पीएचडी कार्यक्रम के लिए आवेदक का चयन, शोध समिति की सिफारिशों तथा निदेशक, आईआईएसटी के अनुमोदन के आधार पर किया जाएगा।
- जिन आवेदकों का चयन निदेशक, आईआईएसटी द्वारा अनुमोदित किया जाता है, उनको पीएचडी कार्यक्रम के लिए प्रवेश दिया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को दी गई सूचना में निर्धारित तारीख पर संबंधित शैक्षिक विभागों द्वारा चलाई जाने वाली प्रवेश प्रक्रिया एवं पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

अपेक्षाएं

- अंतरिक्ष विभाग के केंद्रों/यूनिटों के अंशकालिक पीएचडी शोध छात्रों के लिए, आईआईएसटी के आतंरिक पीएचडी पर्यवेक्षक के अतिरिक्त, संबंधित इसरो केंद्र से बाहरी पर्यवेक्षक को भी तय किया जाएगा।
- अंशकालिक पीएचडी शोध छात्रों को आईआईएसटी परिसर में एक सत्रक की न्यूनतम आवासीय कार्य अपेक्षा भी पूरी करनी होगी। इस अवधि के दौरान विभागाध्यक्ष के परामर्श के साथ प्रस्तावित पर्यवेक्षकों द्वारा तय किए गए पाठ्यक्रम कार्य भी करना होगा।
- आवासीय अपेक्षा की पूर्ति के दौरान आईआईएसटी में इसरो / अंतरिक्ष विभाग के अंशकालिक शोध छात्रों के आवास तथा उनके पीएचडी कार्यक्रम के सामान्य शर्तें इसरो

- आईआईएसटी शैक्षिक कार्यक्रम के विद्‌यमान नियमों के अनुसार विनियमित की जाएंगी ।

कैसे आवेदन देना है:

1) आवेदन आईआईएसटी वेबसाईट admission.iist.ac.in में **ऑनलाइन** रूप से प्रस्तुत करना होगा और अपने संबंधित कैंद्र/यूनिट से अग्रेषित करना होगा।
2) आवेदक को एक बार प्रस्तुत प्रोफाइल पंजीकरण पर कोई भी परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अत: आवेदक को प्रोफाइल भरते समय अत्यंत सावधानी बरतनी चाहिए।

टिप्पणीः जिन आवेदको को पीएचडी कार्यक्रम के लिए लघुसूचित किया जाता है उन्हें साक्षात्कार के लिए उपस्थित रहना होगा। अंतरिक्ष विभाग / इसरो यूनिटों / कैंद्रों के संबंधित प्राधिकारियों को लघुसूचित उम्मीदवारों की सूचना दी जाएगी। अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदन प्रपत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नही किया जाएगा।

भरे हुए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र उचित माध्यम से उप कुलसचिव (शैक्षिकी), भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्‌योगिकी संस्थान, वलियमला पोस्ट तिरुवनंतपुरम - 695 547 को प्रमाण पत्रों की स्वयं अनुप्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ **जनवरी 04, 2021** को या उससे पहले भेजें ।

महत्वपूर्ण तारीखें

क्रम. सं.	घटना	तारीख
1.	आवेदनों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण के लिए आईआईएसटी वेबसाइट खुलने की तारीख व समय	दिसंबर 09, 2020 - 1500 घंटे (बुधवार)
2.	आवेदनों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण के लिए आईआईएसटी वेबसाइट के खुले रहने की अंतिम तारीख व समय	दिसंबर 29,2020 - 2359 घंटे (मंगलवार)
3.	आवेदन की अनुमोदित हार्ड कोपी प्राप्त होने की अंतिम तारीख	जनवरी 04, 2021 (सोमवार)
4.	परीक्षा / साक्षात्कार के लिए लघुसूचित उम्मीदवारों की सूची प्रदर्शित करने की तारीख	जनवरी 07, 2021 - 1700 घंटे (गुरुवार)
5.	ऑनलाइन छानबीन परीक्षा की तिथि	जनवरी 10, 2021 - (रविवार)
6.	छानबीन परीक्षा का परिणाम प्रकाशित करने की तिथि	जनवरी 13, 2021 - 1700 घंटे (बुधवार)
7.	साक्षात्कार	जनवरी 18 -19, 2021
8.	पीएचडी छात्रों के लिए कक्षाएं प्रारंभ होने की तिथि	जनवरी 25, 2021